निरीक्षण | जिपं सीईओ ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेडियारास का संचालन 15 दिनों में होगा शुरू



**अनूपपुर,नवभारत, 19 फरवरी।** जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने नवीन स्वीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेडियारास के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आगामी 15 दिनों के भीतर स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. धनीराम सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सीईओ ने भवन का अवलोकन करते हुए दिव्यांगजन शौचालय में रैंप निर्माण, बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन हेतु निर्धारित संरचना तैयार करने तथा परिसर में बने स्टाफ क्वार्टर में कर्मचारियों को शीघ्र शिफ्ट कराने के निर्देश दिए।

### केल्हौरी उप स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सीईओ ने उप स्वास्थ्य केन्द्र केल्हौरी का भी निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बाउंड्रीवाल निर्माण, स्टाफ क्वार्टर व्यवस्था तथा प्रसूति सुविधाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही मानक अनुसार जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### करहीवाह में सड़क व जलापूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण

जिपं सीईओ ने ग्राम करहीवाह में 15वें वित्त मद से 9.35 लाख रुपये की लागत से बनी पीसीसी सड़क का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय के शौचालय में बिजली आपूर्ति बाधित होने से जलापूर्ति प्रभावित मिलने पर



उन्होंने नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

### वृंदावन ग्राम के रूप में विकसित होगा केल्हौरी

ग्राम पंचायत भवन केल्हौरी में आयोजित बैठक में सीईओ ने ग्राम को वृंदावन ग्राम के रूप में विकसित करने हेतु समग्र विकास कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने उचित मूल्य दुकान के लिए भवन निर्माण प्रस्ताव तैयार करने, पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर सिस्टम लगवाने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित करने, पंचायत भवन में वाई-फाई सुविधा, सामुदायिक शौचालय निर्माण तथा पंचायत लर्निंग सेंटर विकसित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्व-सहायता समूहों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ने, आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका विकसित करने तथा ग्राम में गन्ना उत्पादन को देखते हुए गुड़ प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया।




# 114 महिलाओं को मिला पिंक ड्राइविंग लाइसेंस

**अनूपपुर,नवभारत, 19 फरवरी।** महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत परिवहन विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से नि:शुल्क पिंक ड्राइविंग लाइसेंस शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में संपन्न हुआ।

शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को वाहन चलाने के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें विधिवत ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी, जिला परिवहन अधिकारी सुरेंद्र गौतम, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग मंजूषा शर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तुलसी महाविद्यालय और संकल्प महाविद्यालय अनूपपुर की छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित और आत्मविश्वास के साथ वाहन संचालन के लिए सक्षम बनाना है, जिससे उनकी गतिशीलता बढ़ेगी और वे शिक्षा, रोजगार तथा अन्य गतिविधियों में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकेंगी। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा, हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग सहित सुरक्षित ड्राइविंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। इस पहल को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। शिविर में कुल 114 बालिकाओं एवं महिलाओं के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए।

# रेउसा के चरण तीर्थ पावन धाम में 11 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ

▸ भागवत कथा और रामलीला का भव्य शुभारम्भ

**कोतमा,नवभारत, 19 फरवरी।** कोतमा के समीप स्थित चरण तीर्थ पावन धाम निगवानी रेउसा में 18 से 28 फरवरी तक 11 कुंडीय श्री राम महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा तथा खजुरीताल की सुप्रसिद्ध आदर्श रामलीला मंडली द्वारा भव्य मंचन का आयोजन प्रारम्भ हो गया है। यह आयोजन श्री मानसपीठ खजुरीताल मैहर के मानस पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी श्री रामललाचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में सम्पन्न हो रहा है।



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिव्य स्थल पर भगवान श्रीराम के हजारों चरण चिन्ह विद्यमान हैं। यहाँ पंच पांडव, माता द्रौपदी, श्रीहनुमान जी, श्री गजानन महाराज, दानगिरी महाराज, शेषनाग तथा श्री गरुण जी महाराज के चरण चिह्न एवं प्रादुर्भाव स्थल भी बताए जाते हैं, जिसके कारण यह स्थान श्रद्धालुओं की विशेष आस्था का केंद्र है।

आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से 11 कुंडीय श्री राम महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है। वहीं 21 फरवरी से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन तथा रात्रि 7 बजे से खजुरीताल की आदर्श रामलीला मंडली द्वारा भव्य रामलीला मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम में अयोध्या, वृंदावन, हरिद्वार, अमरकंटक, नैमिषारण्य सहित विभिन्न तीर्थों से संत-महात्माओं का आगमन भी हो रहा है। आयोजन के विश्राम दिवस पर राष्ट्रीय गायिका शहनाज अख्तर द्वारा भजन संध्या की विशेष प्रस्तुति भी दी जाएगी। समिति ने बताया कि यह आयोजन सर्वसमाज का है, जिसमें सभी जाति, वर्ग और संप्रदाय के लोग जुड़े हुए हैं।

## निगरानी समिति की बैठक 23 को

**अनूपपुर,नवभारत, 19 फरवरी।** भारत शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 23 फरवरी को आयोजित की जाएगी। यह बैठक संसदीय क्षेत्र शहडोल की सांसद हिमाद्री सिंह की अध्यक्षता में अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार, अनूपपुर में संपन्न होगी। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों के एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। साथ ही विभागों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जाएगा।

# रामनगर के तुर्राधाम मेले में लगा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

▸ 180 लोगों का हुआ परीक्षण

**अनूपपुर,नवभारत, 19 फरवरी।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर रामनगर स्थित तुर्राधाम मेले में जागृति महिला समिति हसदेव क्षेत्र द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष शशि दुहन एवं उपाध्यक्षों के मार्गदर्शन और प्रेरणा से आयोजित हुआ। शिविर में केंद्रीय चिकित्सालय एसईसीएल हसदेव क्षेत्र की डॉक्टर टीम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के संरक्षण में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसमें 45 वर्ष से अधिक आयु के




महिला-पुरुषों की संख्या अधिक रही। सर्दी-खांसी, जुकाम, उच्च रक्तचाप, शुगर और कमर दर्द जैसी समस्याओं से पीड़ित करीब 180 लोगों ने पंजीयन कराकर जांच करवाई तथा उन्हें नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष डॉ. सरोज बाला बिश्नोई ने जागरूकता उद्बोधन देते हुए स्वच्छता, स्वास्थ्य और संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विटामिन, प्रोटीन और खनिज तत्वों की कमी से होने वाली बीमारियों की जानकारी दी तथा ग्रामीणों को नियमित योग-प्राणायाम अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात समिति द्वारा कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 108 कन्याओं सहित करीब 500 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

शिविर में समिति की सचिव रुना मित्रा, सहसचिव पूनम रानी, कोषाध्यक्ष माला तिवारी सहित करुणा राय, सुष्मिता मिश्रा, सुमन जाखड़, रीना कुमार बघेल, मीना और चंदा नामदेव ने सक्रिय सहयोग दिया। वहीं चिकित्सक दल में डॉ. प्रफुल्ल कुमार सिंह, डॉ. वमन, डॉ. प्रीता, डॉ. एस. वाफिया और चीफ फार्मासिस्ट ए.के. पाटले की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


### एक नजर में

## अनूपपुर भाजपा मण्डल की कमान अब चतुर्वेदी के हाथ



**अनूपपुर,नवभारत, 19 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार के तहत पार्टी ने एक अहम निर्णय लेते हुए बृजेश चतुर्वेदी को अनूपपुर मण्डल का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा होते ही पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। नियुक्ति की खबर मिलते ही भाजपा कार्यालय सहित पूरे मण्डल क्षेत्र में जश्न का माहौल बन गया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और मिठाइयां बांटकर खुशी व्यक्त की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि बृजेश चतुर्वेदी लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे हैं और जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ रखते हैं, जिससे पार्टी को क्षेत्र में नई ऊर्जा मिलेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने बृजेश चतुर्वेदी को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। नेताओं ने कहा कि वे एक मेहनती और समर्पित कार्यकर्ता हैं और उनके नेतृत्व में मण्डल स्तर पर संगठन और अधिक सशक्त होगा। अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए बृजेश चतुर्वेदी ने कहा कि वे संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा कार्यकर्ताओं को संगठित कर आगामी चुनौतियों के लिए तैयार करना होगा।

## महिलाओं के रोजगार को प्राथमिकता दें : मीनू तिवारी



**कोतमा, नवभारत, 19 फरवरी।** अनूपपुर जिले में महिलाओं के बीच बढ़ रही बेरोजगारी को लेकर पसान महिला मोर्चा मंडल की महामंत्री और समाजसेवी श्रीमती मीनू तिवारी द्वारा चिंता व्यक्त करते हुए कहा की अनूपपुर जिले में देश के विभिन्न बड़े व्यवसाईयों द्वारा कंपनियों की स्थापना अनूपपुर में की गई है जिसमें अनूपपुर थर्मल पावर प्लांट, टोरंटो पावर प्लांट, जैतहरी से हिंदुस्तान पावर लिमिटेड, अमरकंटक थर्मल पावर प्लांट, जेएमएस प्राइवेट लिमिटेड, एवं रिलायंस प्रमुख है वहीं क्षेत्र भर में एसईसीएल के दर्जनों खदानें संचालित हो रहे हैं, फिर भी महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी सरकार की मंशा के अनुरूप महिलाओं को स्वरोजगार देने और शासकीय संस्थाओं में नौकरी देने का कार्य प्रमुखता से किया जा रहा है लेकिन क्षेत्र में संचालित होने वाली प्राइवेट कंपनी भाजपा सरकार की मनसा पर पानी फेर रहे हैं। मीनू तिवारी ने कहा कि प्राइवेट कंपनियों में भी महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। स्किल और नॉन स्किल महिलाओं को उनके डिग्री और अनुभव के अनुसार पर नौकरी मिलनी चाहिए वर्तमान में जो प्राइवेट कंपनियां अनूपपुर में संचालित हो रही हैं उनमें मात्र पांच प्रतिशत महिलाएं ही कार्य कर रही हैं। प्राइवेट कंपनियों द्वारा महिलाओं को शारीरिक श्रम के कार्य अधिकतम तौर पर दिए जा रहे हैं लेकिन ऑफिशियल वर्क और टेक्निकल वर्क के लिए महिलाओं की भागीदारी करने से प्राइवेट कंपनियां बच रही हैं ।

## कॉम्बिंग गश्त में 8 स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**अनूपपुर,नवभारत, 19 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशानुसार 18 फरवरी की रात्रि में थाना कोतमा पुलिस द्वारा विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान न्यायालय से जारी वारंटियों की गिरफ्तारी तथा क्षेत्र के गुंडा-बदमाशों की सघन चेकिंग की गई। इस कार्रवाई में पुलिस ने कुल 8 स्थायी गिरफ्तारी वारंट तामील करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार वारंटियों में मौसम गुप्ता 19 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 4 कोतमा को 13(क) जुआ एक्ट, आकाश कोल 19 वर्ष निवासी दमकीटोला 13(क) जुआ एक्ट, मदन कोल 40 वर्ष निवासी गोविंदा गांव धारा 34(1) आबकारी एक्ट, कमल सिंह गोंड 40 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 4 को 13(क) जुआ एक्ट, बाल्मीकि सोनी 42 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 4 को 13(क) जुआ एक्ट, सूरज कुशवाहा 27 वर्ष निवासी बनियाटोला को 13(क) जुआ एक्ट, जितेंद्र सोनी 24 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 6 को 13(क) जुआ एक्ट, रोहित नामदेव 30 वर्ष निवासी कोतमा को 13(क) जुआ एक्ट में गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ला के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक सुखीनंद यादव, गोविंद प्रजापति, प्रधान आरक्षक दिनेश राठौर, आरक्षक राकेश एवं अभय त्रिपाठी की सराहनीय भूमिका रही।

# छूलकारी के जंगल में सज रहा अवैध '52 पत्ती' का अड्डा

▸ कोतमा निवासी कमलेश गुप्ता पर जुआ खिलाने का आरोप

**जमुना-कोतमा, नवभारत, 19 फरवरी।** ग्रामीण क्षेत्र में एक बार फिर अवैध जुए का कारोबार तेजी से पैर पसारता नजर आ रहा है फूनगा चौकी अंतर्गत छूलकारी के जंगल में नदी किनारे सुनसान स्थानों पर प्रतिदिन '52 पत्ती' (ताश) का जुआ संचालित किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि कोतमा निवासी कमलेश गुप्ता द्वारा जंगल के सुरक्षित और एकांत स्थानों का चयन कर नियमित रूप से जुआ खिलाया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार कार्रवाई से बचने के लिए जुए का अड्डा लगातार स्थान बदलता रहता है चुलकारी के जंगल के अलावा रक्सा कोलमी और बिजौड़ी गांव के जंगलों तथा नदी किनारे के अन्य सुनसान इलाकों में भी जुआरियों का जमावड़ा देखा जा रहा है शाम ढलते



ही इन स्थानों पर बाहरी और स्थानीय लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है और देर रात तक हजारों रुपये का दांव लगाया जाता है जंगल और नदी किनारे का क्षेत्र होने के कारण पुलिस की नजर से बचने में जुआ संचालकों को आसानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध गतिविधि की चपेट में क्षेत्र के युवा, मजदूर और दैनिक वेतनभोगी व कलारी कर्मचारी वर्ग तेजी से फंसते जा रहे हैं मेहनत की कमाई जुए में हारने से कई परिवार आर्थिक संकट, कर्ज और मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं कई घरों में पारिवारिक विवाद, कलह और सामाजिक अस्थिरता की स्थिति उत्पन्न हो रही है। गौरतलब है कि पूर्व में जमुना कॉलोनी निवासी मुन्ना रजक के एक ही परिवार के 6 लोगों ने जुए में भारी रकम हारने और आर्थिक संकट से परेशान होकर सामूहिक आत्महत्या कर ली थी,

## 22 से एक माह तक उत्कृष्ट उ.मा.वि. परिसर में अनाधिकृत प्रवेश प्रतिबंधित

**अनूपपुर,नवभारत, 19 फरवरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 की उत्तरपुस्तिकाओं के केंद्रीय मूल्यांकन कार्य को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने सख्त सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी है। इसके तहत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अनूपपुर परिसर में 22 फरवरी 2026 से एक माह तक अनधिकृत प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी हर्षल पंचोली द्वारा जारी आदेश के अनुसार उक्त विद्यालय को बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के केंद्रीय मूल्यांकन केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। संस्था के प्राचार्य को मूल्यांकन केंद्राधिकारी नियुक्त किया गया है। मूल्यांकन कार्य 22 फरवरी से प्रारंभ होकर लगभग एक माह तक चलेगा। प्रशासन ने बताया कि मूल्यांकन कार्य की गोपनीयता बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किया गया है।





# नारी शक्तियों ने निकाली भोलेनाथ की बारात

वार्ड 5 के शिव मंदिर में आयोजन

**अनूपपुर,नवभारत, 19 फरवरी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गेस्टहाउस के सामने स्थित वार्ड क्रमांक 5 के प्राचीन शिव मंदिर में इस वर्ष भी परंपरा अनुसार भव्य आयोजन किया गया। खास बात यह रही कि पूरे कार्यक्रम की अगुवाई नारी शक्तियों ने की, जिससे नगर में भक्तिमय वातावरण के साथ नारी सशक्तिकरण का संदेश भी देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की आकर्षक झांकी के साथ हुई। यह झांकी भगत सिंह चौक से होते हुए सी-टाइप मार्ग से गुजरकर शिव मंदिर प्रांगण पहुंची। मार्ग भर श्रद्धालुओं ने झांकी की आरती कर स्वागत किया। मंदिर पहुंचने पर भोलेनाथ और माता पार्वती की जयमाला हुई तथा महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाए गए।

आयोजन के तहत एक दिन पूर्व हल्दी एवं मेहंदी की रस्में भी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुईं। इसके बाद भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

बारात में शामिल महिलाओं को दुबे स्वीट्स की ओर से पानी की बोतल, फल एवं प्रसाद का वितरण किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, महिला पार्षदों, नगर परिषद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और पार्षदों ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर उत्साह बढ़ाया। पुलिस प्रशासन की सतर्क व्यवस्था के चलते आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

नगर परिषद बनगांव, डोला और डूंगर कछार सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु आयोजन में शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन पर विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महाशिवरात्रि का यह आयोजन जहां धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, वहीं नारी शक्ति की सक्रिय भागीदारी ने समाज में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश भी दिया। देर रात तक पूरे नगर में उत्सव का माहौल बना रहा।

लाभ | नवाचारों के लिये ख्याति अर्जित कर रही नगर परिषद

# डूमरकछार नगर परिषद में जनचौपाल से मिल रहा लोगों को लाभ

**अनूपपुर,नवभारत, 19 फरवरी।** छत्तीसगढ़ सीमा से लगे अनूपपुर जिले की नगर परिषद डूमरकछार लगातार नवाचारों के माध्यम से नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। निकाय अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार चौरसिया के नेतृत्व में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर जनहितैषी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू कर रहे हैं, जिससे नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पा रहा है। नगर परिषद कार्यालय में स्थापित हेल्प डेस्क नागरिकों के लिए बड़ी सुविधा साबित हो रही है। यहां आने वाले लोगों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। हेल्प डेस्क कर्मचारी संबंधित विभागों से समन्वय कर समस्याओं का समाधान कराने में मदद करते हैं।



पिछले तीन वर्षों से परिषद नागरिकों को विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी एसएमएस के माध्यम से भेज रही है, जिससे लोगों को समय पर सूचनाएं मिलती हैं और योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होती है। करीब एक वर्ष पहले प्रत्येक वार्ड के अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाए गए हैं। इनमें पार्षद, हेल्प डेस्क कर्मचारी और निकाय अध्यक्ष जुड़े हैं। इन समूहों में केवल वार्ड की समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा होती है, जिससे शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई संभव हो पाती है। नगर परिषद द्वारा आपका विकास, आपके साथ अभियान के तहत जनप्रतिनिधि और अधिकारी सीधे वार्डों में जाकर जनचौपाल लगाते हैं। जमीन पर बैठकर नागरिकों की समस्याएं सुनी जाती हैं, उन्हें सूचीबद्ध कर समाधान की दिशा में कार्रवाई की जाती है। इस पहल से सैकड़ों स्थानीय समस्याओं का समाधान किया जा चुका है।

### हितग्राहियों के कार्ड बनवाकर उन्हें सौंप

नगर परिषद परिसर में पिछले तीन वर्षों से सुझाव पेटी रखी गई है, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे परिषद तक पहुंचा रहे हैं। एक अभिनव पहल के तहत निकाय अध्यक्ष और जनप्रतिनिधि प्रात:कालीन भ्रमण के दौरान 'वार्ड दर्शन' कार्यक्रम चलाते हैं। हाल ही में 18-19 फरवरी को भ्रमण के दौरान पाइपलाइन और सफाई से जुड़ी समस्याओं के साथ दो बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड न बनने की जानकारी मिली। तुरंत कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में 70 वर्ष से अधिक आयु वाले दोनों हितग्राहियों के कार्ड बनवाकर उन्हें सौंप दिए गए। नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. चौरसिया ने इस जनसेवा कार्य में सहयोग देने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि परिषद सीमित संसाधनों में भी नवाचार के माध्यम से आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।